'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष : 02 अंक : 26 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार ,28 जनवरी , 2025 samachargate@gmail.com

गुरुग्राम में मानेसर पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा

गुरुग्राम । गुरुग्राम के मानेसर थाना पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा है। उनके पास से बंगाल के आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने 8000 रुपये में फर्जी आधार कार्ड बनवाए थे। तीनों भाई-बहन हैं। डेढ़ साल पहले भारत आए थे यह पहले महाराष्ट्र में रहे। डेढ़ माह पहले ही यह गुरुग्राम आए और मानेसर में एक किराए के मकान में रह रहे थे। यहां पर एक युवती स्पा में काम कर रही थी। मानेसर चौराहे पर घूमते हुए युवती की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवती को पकड़कर पूछताछ की तब जाकर युवती की पहचान उजागर हुई। उसके बाद उसकी एक बहन और भाई को भी पुलिस ने पकड़ा लिया। तीनों से पूछताछ चल रही है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन और गृह मंत्रालय को भी भेजी गई है।

देर रात मकान में हुआ जोरदार ब्लास्ट, एक महिला की मौत

गिरिडीह (ईएमएस)। झारखंड के गिरिडीह के शीतलपुर में एक मकान में हुए जोरदार ब्लास्ट में एक महिला की मौत हुई है। जबकि परिवार के छह अन्य सदस्य बुरी तरह झुलस गए हैं। ब्लास्ट कैसे हुआ, इसका अभी पता नहीं चला है। जिला पुलिस के अधिकारी फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। बताया गया कि शीतलपुर निवासी उमेश दास के घर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजे ब्लास्ट हुआ। यह ब्लास्ट इतना जोरदार था कि मकान की दीवार और छत क्षतिग्रस्त हो गई। ब्लास्ट की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मकान के अंदर गंभीर रूप से झुलसे लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इसमें से एक बेदांती देवी ने हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। घायल हुए लोगों में उमेश दास, उनकी पत्नी सबिता देवी, पुत्र संदीप दास, सन्नी दास, बेटी लक्ष्मी और उमेश दास के ससुर शामिल हैं। इन सभी को प्रारंभिक उपचार के लिए गिरिडीह सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखकर सभी को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। कुछ लोगों का कहना है कि दास के मकान को किसी ने रंजिश की वजह से विस्फोटक लगाकर उड़ाया, जबकि कुछ लोग गैस सिलेंडर फटने की आशंका जता रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और कई दलों के नेता भी पहुंचे हैं।

महिला की हत्या कर शव को सूटकेस सहित जलाया, गाड़ी नंबर से आरोपी तक पहुंची पुलिस

नई दिल्ली। गाजीपुर में एक महिला का जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला को एक सूटकेस के अंदर रखकर जला दिया गया था। जांच में पुलिस को मालूम हुआ कि महिला की गला दबाकर हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के लिए शव को जला दिया गया था। सीसीटीवी में रिकॉर्ड गाड़ी नंबर के जरिए पुलिस आरोपी के पास पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी अमित तिवारी को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 25 जनवरी को आरोपी ने महिला को खोड़ा कालोनी के घर में गला दबाकर मार डाला था। इसके बाद महिला की लाश को ठिकाने लगाने के लिए महिला के एक सूटकेस में डाला और फिर गाजीपुर में ले जाकर सूटकेस सहित आग लगा दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि अमित का साथी उसके साथ ही खोड़ा कॉलोनी में रहता था। बता दें कि हत्या के बाद लाश को छुपाने के लिए सूटकेस का प्रयोग करने का ये कोई पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी इसतरह के कई मामले सामने आए हैं। बीते साल अगस्त में मुंबई से ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। दो मूक-बधिर (डीफ एंड डम्ब) दोस्तों ने मिलकर अपने तीसरे साथी की हत्या कर दी थी। मृतक भी मूक-बधिर था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब हत्या को अंजाम देने के बाद एक आरोपी को आरपीएफ ने शक के आधार पर गिरफ्तार किया।

कश्मीर में ठंड और बर्फबारी का कहर जारी....1 से 5 फरवरी तक हल्की बारिश का अनुमान

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में शीतलहर अपने चरम पर है, जहां कई क्षेत्रों में तापमान शून्य से काफी नीचे पहुंच गयास है। जोजिला पास ने माइनस 24.0एडिग्री तापमान के साथ ठंड के मौसम में सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया। जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तापमान में गिरावट जारी है क्योंकि घाटी, जम्मू क्षेत्र और लद्दाख में पारा और गिर रहा है, जबकि श्रीनगर में तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जहां मौसम विभाग ने 29 जनवरी तक शुष्क मौसम रहने की संभावना जाहिर की है। इसके बाद 29 जनवरी की रात और 30 जनवरी की सुबह हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। वहीं 31 जनवरी को कुछ स्थानों पर बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। इसके बाद 1-5 फरवरी को बादल छाने और बीच-बीच में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि न्यूनतम तापमान में 2-4एड्रिगी की वृद्धि होने की संभावना है।

दो किशोरों के हाथ पैर बांधे गला बार-बार रेता, ये जघन्य हत्या क्यों हुई पुलिस को नहीं पता

गोरखपुर(ईएमएस)। दो दलित किशोरों के हाथ पैर बांधे, गला कई बार रेता और हत्या कर दी। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर पुलिस अभी तक ये पता नहीं कर पाई कि आखिर इस हत्या के पीछे की वजह क्या है। पीएम रिपोर्ट से पता चला है शव मिलने से एक दिन पहले यानी गुरुवार की शाम को ही हत्या हुई है। वहीं हैवानियत की पुष्टि पीएम रिपोर्ट में नहीं हुई पर जांच के लिए स्वैब प्रिजर्व किया गया है। ऐसे में यह तय है कि उनके साथ जो भी हुआ है वह मौका-ए वारदात पर ही हुआ है। पुलिस को अभी तक की जांच में कोई इलेक्ट्रानिक्स साक्ष्य भी नहीं मिल पाया है। जब किशोर गांव से बाहर जा रहे थे तब उनकी मां से मुलाकात हुई थी ऐसा मां ने बताया है।

महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व लिये मेला प्रशासन ने कसी कमर, 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

महाकुंभनगर (एजेंसी)। संगम की रेती पर उमड़ रहे जनसैलाब के बीच मेला प्रशासन ने 29 जनवरी को महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिये चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस की हरसंभव कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और

संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

मेला क्षेत्र में अतिक्रमण कर लगाए गए अवैध दुकानों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। निरंतर कारवाई भी की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा के लिए साफ और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वच्छता कर्मियों को साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पार्किंग क्षेत्रों को सक्रिय कर दिया गया है, जहां श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। ट्रैफिक प्लान के अनुसार पहले सबसे पास की पार्किंग में वहां पार्क कराए जाएंगे और इसके बाद दूसरी पार्किंग को उपयोग में लाया जाएगा। 2000 से अधिक नए साइनेज लगाए गए हैं ताकि लोग सही दिशा में आसानी से जा सकें।

श्रद्धालुओं को मेला का आधिकारिक चैटबॉट डाउनलोड करने की अपील की गई है। यह चौटबॉट श्रद्धालुओं को हर तरह की जानकारी देगा, जिससे उनकी यात्रा और भी सुविधाजनक होगी। इसके साथ ही गूगल नेविगेशन और पुलिसकर्मी भी श्रद्धालुओं को सही राह दिखाएंगे। शनिवार और रविवार की छुट्टी का असर महाकुंभ में साफ देखने को मिल रहा है। हर दिशा से श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ रहे हैं। रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप और हाइवे पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा जा सकता है। पिछले दो दिनों (शुक्रवार और शनिवार) में ही सवा करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया है।

हमारे पूर्वजों की इच्छानुसार पूरे देश में लागू होना चाहिए समान नागरिक संहिता : सुकांत मजूमदार

कोलकाता। समान नागरिक संहिता को लेकर भाजपा सांसद और पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बात की। उन्होंने कहा, देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए, जैसा कि हमारे पूर्वजों ने सपना देखा था। हमारे संविधान में इसके बारे में लिखा है कि यह देश लोगों में पंथ, जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता है। हालांकि, अभी देश में यूसीसी लागू नहीं है, लेकिन सोमवार को उत्तराखंड इतिहास रचने वाला है। दरअसल, उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जहां यूसीसी लागू किया जाएगा। सोमवार से देवभूमि में यूसीसी लागू किया जाएगा। इस लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पोस्ट में लिखा, संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप राज्य में समानता, न्याय और एकता को सुनिश्चित करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करते हुए हम प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में राज्य के सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार और अवसर प्रदान करने के लिए समान नागरिक संहिता कानून लागू करने जा रहे हैं। समान नागरिक संहिता न केवल पूरे राज्य में लागू होगी, बल्कि यह राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के लोगों पर भी लागू होगी।

आरडब्लूए सेक्टर-19 ने धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

फरीदाबाद। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-19 ने सामुदायिक भवन में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर आरडब्लूए सेक्टर 19 के प्रधान सुनील कुमार,महासचिव अजय नरवत, जे.एम शर्मा,रमेश कुमार,बी.डी गेरा,जगदीश गुप्ता,जवाहर बंसल,प्रवेश मेहता,राजकुमार राज जयकिशन टूटेजा,प्रवीन गेरा,जरमेज सिंह चौहान,सरजू आहूजा,राजेन्द्र मिगलानी,अशोक रखेजा,दिनेश गर्ग, टेकचन्द्र नंद्राजोग(टोनी पहलवान), वीरेन्द्र कवात्रा,लता मित्तल सभी ने मिलकर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन वीरेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुन्दर सुन्दर सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सुनील कुमार और अजय नरवत ने कहा कि हम भारत के स्वाभिमान व स्वाधिनता के प्रति गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सम्प्रभूता के गौरवमयी 76वें गणतन्त्र दिवस के सुखद अहसास के लिए एकत्रित हुए हैं। लम्बे संघर्ष और बलिदान के बाद मिली आजादी के उपरान्त 1950 में आज के दिन भारत एक गणराज्य के तौर पर स्थापित हुआ था। टेकचन्द्र नंद्राजोग(टोनी पहलवान) ने कहा कि इस दिन देश ने अपना स्वाधीन अपनाकर हमें सामाजिक, राजनैतिक तथा धार्मिक आजादी के अधिकार प्रदान किए थे। इस अवसर पर प्रथम,द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को पुरूस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा जो बच्चे पिछड़ गए थे उन्हें भी पुरूस्कार दिए गए ताकि उनका मनोबल ना टूटे।

केजरीवाल और आतिशी का गंभीर आरोप, हरियाणा से यमुना में जहरीला पानी छोड़ रही भाजपा सरकार

हार के डर से भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जल संकट ने आम आदमी पार्टी (आप) की चिंता बढ़ा दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने की वजह से 30 फीसदी लोगों को पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने इसके लिए हरियाणा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दोष मढ़ा है। चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश बताकर आतिशी ने कहा है कि उन्होंने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है और मिलने का समय भी मांगा है। आप के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले यमुना में जहर मिलाकर भेज रहे हैं।

वहीं आतिशी ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से यमुना में अत्यधिक अमोनिया वाला पानी छोड़ा जा रहा है। इसकारण दिल्ली के 3 बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला प्लांट बंद होने की कगार पर है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसकी वजह से दिल्ली के 30 फीसदी लोगों को पानी नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से यमुना में अत्यधिक अमोनिया वाला पानी छोड़ा जा रहा है। इसकी वजह से दिल्ली के 3 बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला प्लांट बंद होने की कगार पर है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसकी वजह से दिल्ली के 30 फीसदी लोगों को पानी नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने लिखा, चुनाव में हार के डर से भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। भाजपा अपनी हरियाणा सरकार से यमुना नदी में जहरीला पानी छुड़वा रही है। पानी में इतना अमोनिया है कि दिल्ली के 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की कगार पर हैं। दिल्ली के 30 प्रतिशत लोगों को पानी नहीं

मिलेगा। हिंदू धर्म में पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं होता।

आतिशी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने फैक्ट्रियों का सारा गंदा पानी यमुना में छोड़ना शुरू कर दिया है। पिछले 10 दिनों से भाजपा सरकार अमोनिया वाला प्रदूषित पानी यमुना में छोड़ रही है। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि दिल्ली के तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने के कगार पर हैं। यमुना में यमुना का स्तर लगातार बढ़ रहा है और 7.2 मिलीग्राम तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह जहरीला पानी है जो हरियाणा सरकार छोड़ रही है।

दिल्ली के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया में लिखा कि लोगों को प्यासा मारने से बड़ा पाप नहीं होता। अपनी गंदी राजनीति के लिए बीजेपी दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से बीजेपी वाले पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेज रहे हैं। अगर ये पानी दिल्लीवालों ने पी लिया, तब कई लोग मर जाएंगे। क्या इससे घिनौना काम कोई हो सकता है? जो जहर पानी में मिलाकर भेजा जा रहा है, वहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में साफ भी नहीं हो सकता।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिये, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गयी। आम आदमी पार्टी ने सादगी और शुचिता की बात की थी लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर झंडा फहराने के पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज अपने समर्थकों के साथ

सुविधाओं को भोगते रहे। अब ह्यह्यकेजरीवाल की गारंटी शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है,

जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ठोस कदम का वादा किया है।

पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर फहराया तिरंगा

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। गणतंत्र दिवस के अवसर पर फ्रंटियर कॉलोनी ठक्ळ 3 में कार्यक्रम में भाग लेते हुए गुरु गोविन्द सिंह जी को याद किया गया एंव इस अवसर पर पाकिस्तान से भारत आए विस्थापित परिवारों ने लगाए, भारत माता की जय,जो बोले सो निहाल एवं जय श्री राम के नारे। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश माहेश्वरी जी ने कहा कि हम हर कदम पर पाकिस्तान से आए अपने इन भाईयों के साथ खड़े है।

अरुण वालिया जो पिछले 8/10 वर्षों से इन विस्थापित परिवारों के लिए कार्य कर रहे है, ने बताया कि जैसे गुरु गोविंद सिंह जी और उनके पूरे परिवार ने देश/धर्म की खातिर बलिदान दिया वैसे ही पाकिस्तान से भारत आए इन विस्थापितों भाइयों ने भी अनेकों यातनाएं सहने के बाद भी अपने धर्म पर अडिग रहे। और आज बड़ी ही विषम परिस्थितियों में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।और गुरु साहब के दिखाए रास्ते पर चल रहें हैं।हम सभी को अपने गुरु साहिबों के दिखाएं रास्ते पर चलना चाहिए । हम सभी को इनके प्रति प्रेम और समर्पण का भाव रखना चाहिए।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि हमें इनकी सहायता के लिए आगे आना चाहिए। अरुण वालिया और मुख्य अतिथि श्री राम अग्रवाल ने बताया कि इन का सीएए के अंतर्गत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर दिया गया है और जल्द ही यह लोग भी भारत के नागरिक होंगे। समाजसेवी राजेश महेश्वरी, गोविंद अग्रवाल, दीपक ठुकराल,श्री राम अग्रवाल,आशीष माहेश्वरी,लखविंदर सिंह ने भी बड़े ही प्रेम से अपने विस्थापित भाइयों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया।विस्थापित भाइयों चरण सिंह,प्रहलाद सिंह,श्री सिंह एवं मजनू सिंह ने राष्ट्रप्रेम से संबंधित अपने विचार रखे।

बहन संदीप कौर एवं सोनिया

माहेश्वरी जी ने महिलाओं की समस्याएं सुनी तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी।

राष्ट्र गान के बाद सभी ने भारत माता के चित्र को पुष्प अर्पित किए और भारत माता पूजन किया । सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और हंसते गाते हुए सभी ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और एक शक्तिशाली और मजबूत भारत के निर्माण के लिए अपने योगदान देने का प्रण लिया।

आमजन हरियाणा की झांकी के लिए करें बढ़चढ़कर वोटिंग

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भारत देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकाली गई समृद्ध हरियाणा-विरासत और विकास थीम पर आधारित हरियाणा की झांकी को नंबर वन झांकी बनाने के लिए अपना वोट जरूर दें। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि वोटिंग करने की अंतिम तिथि मंगलवार 28 जनवरी है। हरियाणा के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार की गई इस झांकी ने हरियाणा वासियों सहित देश की जनता में जोश भरने का काम किया था। झांकी के माध्यम से देश के लोगों को न केवल हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली बल्कि वे इस छोटे से राज्य की बड़ी उपलब्धियों के भी साक्षी बने। लोगों के आकर्षण का केंद्र रही हरियाणा की यह झांकी बेस्ट टैबल्यू प्रतियोगिता में दूसरे राज्यों की झांकियों को टक्कर दे रही है। उन्होंने आमजन से बढ़चढकर हरियाणा की झांकी के लिए वोट करने की अपील की है। वोट करने के लिए निम्न प्रक्रिया को करें फॉलो :

1. सबसे पहले www.mygov.in/group-poll/vote-your-favourite-tableau-and-marching-contingent-republic-day-parade-2025 जाएं।
2. इस पेज पर जाने के बाद मोबाइल नंबर के जरिये ओटीपी से साइन इन करें।
3. इसके बाद पेज के अंत तक स्क्रोल करें और स्टेट टैबल्यू पर वोट के ऑप्शन के लिए रुक जाएं।
4. इसमें 3 नंबर पर हरियाणा के लिए वोट करें।

आमजन अपने मोबाइल नंबर का उपयोग करके एसएमएस माध्यम से भी वोटिंग कर सकते हैं। एसएमएस करने का तरीका MYGOVPOLL 357037, 3 टाइप करें और इसे 7738299899 पर भेज दें।

- बेस्ट टैबल्यू प्रतियोगिता के लिए वोटिंग करने की अंतिम तिथि आज

आजाद विजेताओं ने बनाया अकाल पंथक मोर्चा नामित सदस्य के लिए हारे प्रत्याशी कर सकते हैं कमेटी में एंट्री

कुरुक्षेत्र: 19 जनवरी को हुए चुनाव में मुख्य तौर पर जगदीश सिंह झींडा, दीदार सिंह नलवी, जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व बलदेव सिंह कायमपुरा गुटों ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे तो वहीं संघर्ष कमेटी की ओर से भी प्रत्याशियों ने अनेक वार्डों में चुनाव लड़ा था।हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का प्रधान कौन होगा, यह तस्वीर अभी तक साफ नहीं हो पाई है। आजाद विजेताओं के सहारे अपना-अपना दावा ठोक रहे विभिन्न गुटों की चुनौती बढ़ गई है। अब ये आजाद ही एक बैनर के नीचे आ गए हैं और रविवार को कैथल के एक निजी पैलेस में एकजुट होकर अकाल पंथक मोर्चा का गठन कर लिया। मोर्चा की अब मंगलवार को कैथल में ही बैठक होगी, जिसमें कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। ऐसे में अब विभिन्न गुटों की नजरें इस मोर्चा की ओर से लिए जाने वाले फैसले पर टिक गई है।19 जनवरी को हुए चुनाव में मुख्य तौर पर जगदीश सिंह झींडा, दीदार सिंह नलवी, जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व बलदेव सिंह कायमपुरा गुटों ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे तो वहीं संघर्ष कमेटी की ओर से भी प्रत्याशियों ने अनेक वार्डों में चुनाव लड़ा था। चुनाव में किसी भी गुट को बहुमत नहीं मिल पाया जबकि 22 आजाद प्रत्याशी जीते थे। चुनाव परिणाम के बाद ही विभिन्न गुटों ने इन आजाद प्रत्याशियों के साथ जुगत बैठाने के प्रयास के साथ प्रधानगी का दावा ठोकना शुरू कर दिया था लेकिन गत दिवस आजाद प्रत्याशियों द्वारा दिखाई गई एकजुटता से इन गुटों के समीकरण बिगड़ते दिखाई देने लगे हैं। दावा किया जा रहा है कि रविवार को हुई बैठक में 22 में से 19 सदस्य

शामिल हुए जबकि माना जा रहा है कि मंगलवार को फिर होने वाली बैठक में अन्य को भी शामिल किया जा सकता है। ऐसे में आजाद प्रत्याशियों ने बड़ा फैसला लिया तो गुटों का नेतृत्व कर रहे बड़े चेहरों की उम्मीदें धरी की धरी रह सकती है।थानेसर वार्ड 15 से आजाद विजेता रहे हरमनप्रीत सिंह का कहना है कि एक साथ जुटे 19 आजाद विजेता प्रत्याशियों ने अकाल पंथक मोर्चा बनाकर बड़ा कदम उठाया है। पहली ही बैठक में हर किसी के चेहरे पर उत्साह बना हुआ था। उन्होंने कहा कि संगत ने उन्हें चुना है और सभी प्रत्याशियों की जिम्मेदारी है कि वे बेहतर कमेटी बनाकर संगत को दें, ताकि गुरुघरों का संचालन सही हो सके। इसी के चलते मोर्चा बनाया गया है। यहां तक कि गुटों को भी जुड़ने का संदेश भेजा गया है, ताकि अच्छे प्रत्याशी शामिल हो सके। अब मंगलवार को होने वाली बैठक में भी विस्तार से चर्चा होगी।हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 40 सदस्य चुने जाने के बाद अब नौ सदस्य मनोनीत होने हैं। इसके लिए सिख गुरुद्वारा चुनाव आयोग ने दो फरवरी को पंचकूला में बैठक बुलाई है, जिसमें इन नामित सदस्यों के नाम पर मोहर लगेगी। चुनाव में हारे प्रत्याशी भी नामित सदस्य के तौर पर कमेटी में एंट्री कर सकते हैं। चर्चा है कि ऐसे कई प्रत्याशी एड़ी चोटी का जोर भी लगाए हुए हैं लेकिन संगत ऐसे प्रत्याशियों के विरोध में उतर आई है। सोमवार को गुरुद्वारा छठी पातशाही में भी संगत की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि ऐसे प्रत्याशियों की एंट्री नहीं होने दी जाएगी। संगत उन्हें हराकर पहले ही फैसला दे चुकी है और इसके बावजूद भी उन्हें मौका दिया गया तो संगत कड़ा आंदोलन करेगी। करीब एक घंटा तक बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा भी की गई, जिसमें सरदार अमीर सिंह, सतनाम सिंह, महेंद्र सिंह, जसबीर सिंह व जसविंद्र खैरा सहित कई लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जिन प्रत्याशियों को संगत ने हरा दिया है, वे किसी भी स्तर पर कमेटी का हिस्सा नहीं बनने चाहिए। इसको लेकर पहले वार्ड 15 थानेसर की संगत की बैठक की गई तो अन्य वार्डों में भी अभियान चलाया जाएगा। विजेता रहे प्रत्याशियों के साथ-साथ प्रदेश सरकार व गुरुद्वारा चुनाव आयोग को भी संपर्क साध कर हारे प्रत्याशियों को कमेटी से दूर रखने की मांग की जाएगी।

इसके बावजूद भी हारे प्रत्याशी नामित किए गए तो संगत विरोध में उतरेगी। यह पहले वार्ड 15 से शुरू की गई है और हर वार्ड में पहुंचा जाएगा।

पानीपत में छप्पर में लगी आग चारपाई पर सो रहा बुजुर्ग झुलसा जिंदा जली गोवंश

पानीपत : पानीपत शहर के छोटू राम चौक पर एक मकान के बाहर छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। छप्पर के नीचे चारपाई पर सो रहा व्यक्ति आग की चपेट में आने से झुलस गया। जबकि वहां बंधी गाय जिंदा जल गई। कमरे में सो रही पत्नी दम घुटने से जाग गई। उसकी चीख सुनकर बेटा और बेटी भी जाग गए। कमरे में धुएं के कारण दम घुट रहा था, जबकि बाहर निकलने के रास्ते में आग लगी हुई थी। किसी तरह तीनों घर का दूसरा दरवाजा तोड़कर बाहर निकले, जिससे वे बाल-बाल बच गए। आग में झुलसे व्यक्ति को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।जानकारी देते हुए घायल सुरजन के बेटे अमित ने बताया कि वह छोटू राम चौक के निवासी हैं। वह दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। वह पिछले 6 सालों से गाय पाल रहे हैं। उन्होंने उसे घर के बाहर छप्पर के नीचे बांध रखा है। उनके परिवार में उनकी पत्नी, बेटा और बेटी हैं। वह खुद गाय के पास छप्पर के नीचे सोते हैं। जबकि परिवार के अन्य सदस्य कमरे के अंदर सोते हैं। रोजाना की तरह शनिवार रात को भी सभी सो गए। रविवार सुबह करीब 4 बजे अचानक छप्पर में आग लग गई। उन्हें आग लगने का पता ही नहीं चला। आग इतनी भयंकर थी कि उन्हें उठने का मौका ही नहीं मिला। अचानक उन्हें रजाई में तेज गर्मी महसूस हुई और उनका शरीर जलने लगा तो वह वहां से उठकर बाहर गली में जाकर बैठ गए और बेहोश हो गए।बेटे ने बताया कि अचानक घर के अंदर सो रही उनकी माँ मेशी देवी को धुएं के कारण दम घुटने लगा। वह जाग गईं और चिल्लाने लगीं कि उन्हें सांस नहीं आ रही है। यह सुनकर वो और बहन भी जाग गए। बेटे ने आनन-फानन में कमरे का दरवाजा खोला तो आग की लपटें बाहर से अंदर आईं। जिसके बाद उन्हें आग लगने का पता चला। उन्होंने मुख्य दरवाजा बंद किया और घर का दूसरा दरवाजा तोड़ा। जिसके बाद वे तीनों बाहर निकले। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर जमा हो गए। सभी ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसके बाद उन्होंने देखा कि आग में गाय जिंदा जल गई है। जब वे पिता को खोजते हुए बाहर आए तो उन्हें वह गली में बेहोश पड़े मिले। जिसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना इस योजना के तहत फ्री होगी यात्रा सीएम सैनी ने दिखाई हरी झंडी

हरियाणा: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के तहत यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को लेकर रेवाड़ी से दो बसों को हरी झंडी दिखाई। 16 जनवरी को सैनी सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में जाने और पवित्र स्नान में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए योजना का दायरा बढ़ाया था।सैनी ने श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें रेवाड़ी से तीर्थयात्रियों को ले जाने वाली दो बसें मेले के लिए रवाना हुईं। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत भी की और उन्हें सुरक्षित और सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।सीएम सैनी रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए रेवाड़ी में थे। यहां एक आधिकारिक बयान के अनुसार,

सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग के अधिकारियों ने पंजीकरण पोर्टल को अपडेट करने और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के विस्तार के अनुसार सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए लगन से काम किया।उनके त्वरित प्रयासों की बदौलत पहला जत्था सफलतापूर्वक महाकुंभ के लिए रवाना हो गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के साथ ही डॉक्टरों और सुरक्षाकर्मियों को भी दोनों बसों में भेजा गया है, ताकि उनकी यात्रा सुगम और परेशानी मुक्त हो सके।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस योजना के तहत श्रद्धालुओं को देश भर के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की यात्रा की सुविधा प्रदान करती है।उन्होंने बताया कि सरकार ने इस योजना का विस्तार किया है, ताकि श्रद्धालु प्रयागराज में महाकुंभ में भी जा सकें। सैनी ने बताया कि इस योजना के तहत पहले ही राज्य भर से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री अयोध्या और अन्य तीर्थ स्थलों का दौरा कर चुके हैं।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत राज्य सरकार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा कराती है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1,80,000 रुपये से कम है। श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।मुख्यमंत्री व मंत्रियों और विधायकों के साथ सात फरवरी को प्रयागराज पहुंचकर कुंभ स्नान करेंगे। विधानसभा सचिवालय ने इस आयोजन का विस्तार करते हुए प्रयागराज जाने वाले विधायकों से स्वीकृति मांग ली है।

हालांकि विधायकों को यात्रा खर्च स्वयं वहन करना होगा।मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के सदस्य सात फरवरी को कुंभ स्नान के लिए जाएंगे। इसकी तैयारियां हो चुकी हैं। इस बीच सरकार दो दिन पहले मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार कर चुकी है।

गणतंत्र दिवस पर सीएम सैनी ने महाकुंभ के लिए पहले जत्थे को किया रवाना

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दर्शन व पवित्र स्नान में शामिल होने के लिए वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए 16 जनवरी को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया था। मात्र 10 दिनों में ही अपनी इस वचनबद्धता को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाकुंभ के लिए पहले जत्थे को रवाना किया। उन्होंने रेवाड़ी से श्रद्धालुओं से भरी दो बसों को झंडी दिखाकर प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के लिए रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अधिकारियों ने तत्परता से कार्य करते हुए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के नये विस्तार के अनुसार पंजीकरण पोर्टल में जरूरी बदलाव के साथ-साथ सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की और इसी की बदौलत आज पहला जत्था महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जरिए देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाते हैं।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दर्शन का लाभ देने के लिए सरकार ने अपनी इस योजना का विस्तार किया है। इस योजना के तहत प्रदेशभर से अब तक बड़ी संख्या में यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। तीर्थयात्रियों ने भगवान के जयकारों से अपनी यात्रा प्रारंभ की। रेवाड़ी से महाकुंभ के लिए रवाना की गई दो बसों में श्रद्धालुओं के साथ चिकित्सकों व सुरक्षा कर्मियों को भी साथ भेजा गया है, ताकि परेशानियों का सामना न करना पड़े।

फरीदाबाद में 9 वर्षीय बच्ची से दरिंदगी पड़ोसी ने झुग्गी में ले जाकर किया दुष्कर्म

हरियाणा: सेक्टर-आठ थाना क्षेत्र के एक सेक्टर के पास झुग्गी बस्ती में नौ साल की बच्ची के साथ पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपित भाग गया।बच्ची की हालत खराब होने के चलते उसे बादशाह खान नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार बच्ची चौथी कक्षा में पढ़ती है। उसके पड़ोस में 35 वर्षीय व्यक्ति रहता है। रात को उसने बच्ची को कुछ खाने की चीज देने का लालच देकर अपनी झुग्गी में बुला लिया। उसके साथ छेड़खानी करने लगा।विरोध करने पर बच्ची का मुंह अपने हाथ से दबा दिया और दुष्कर्म किया। जैसे-तैसे बच्ची उसके चंगुल से छूटी और चिल्लाते व रोते हुए बाहर आई। यह देख आरोपित दूसरे रास्ते से भाग गया।इससे पहले, बुधवार को एक अन्य मामले में फरीदाबाद के खेड़ी पुल थाना क्षेत्र में स्थित सेक्टर-87-88 स्थित खाली प्लॉट में दो भ्रूण पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों भ्रूण को कब्जे में लिया और बादशाह खान नागरिक अस्पताल में भिजवाया। खेड़ी पुल थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि एक भ्रूण लड़के और दूसरा लड़की का है। इन्हें देखकर लग रहा है कि दोनों जुड़वां हैं। पुलिस के अनुसार भ्रूण प्लॉट में उगे झाड़ियों में फेंका गया था।स्थानीय निवासी धर्मेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि वह भारत कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। उनका सेक्टर 88 में बाइक रिपेयर की दुकान है। शाम वह अपनी दुकान पर थे। उन्होंने देखा कि खाली प्लॉट के बाहर कुछ बच्चे खड़े हैं। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो झाड़ियों में दो भ्रूण पड़े हुए थे।उन्होंने आसपास स्थित अन्य दुकानदारों को बुलाया। साथ ही डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। खेड़ीपुल थाना के एसएचओ इंस्पेक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि दोनों भ्रूण थे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ कर रही है। आंगनबाड़ी व आशा वर्करों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।पुलिस के अनुसार किसी ने गर्भपात कराकर दोनों को फेंका है। आसपास स्थित अस्पतालों से भी इसकी जानकारी जुटाई जा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि एक-दो दिन के अंदर किसी महिला को अस्पताल में गर्भपात तो नहीं कराया गया।

लास्ट बार सुन रहा हूं जो गलत करेगा उसे बख्शूंगा नही बाढड़ा बीजेपी विधायक ने अधिकारियों की लगाई क्लास

चरखी दादरी : भाजपा के बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास ने कस्बा बाढड़ा के रेस्ट हाउस स्थित एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज विधायक ने कहा कि जो गलत काम करेगा, उसे बख्शूंगा नहीं और आखिरी स्टेशन दिखाने की चेतावनी दी। विधायक ने अधिकारियों को कार्य प्रणाली सुधार कर जनता के काम करने की नसीहत दी।बता दें कि बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास कस्बा बाढड़ा के एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों की मीटिंग लेने पहुंचे थे। जहां विधायक ने एसडीएम सुरेश दलाल की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक लेकर जमकर क्लास लगाई। बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि जनता की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें और सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि आखिरी बार बोल रहा हूं सैकेंड टाइम मैं नहीं सुनुंगा। जब आप मेरे साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं तो आम जनता के साथ कैसा बर्ताव करते होंगे। इसी बीच वहां बैठे अधिकारियों में से एक बोलता है कि आगे से ध्यान रखेंगे सर। उसके बाद विधायक बोल रहे हैं कि मेरा ध्यान रखने की जरूरत नहीं है, जनता का ध्यान रखो। आगे वे बोल रहे हैं कि मैं इस बात से नाराज नहीं हूं कि आप खड़े नहीं हुए लेकिन इससे आपके व्यवहार का पता चलता है। पांच दिन पहले भी राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने बाढड़ा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर फोन नहीं उठाने पर एसडीएम सुरेश दलाल को जमकर फटकार लगाई थी।

सोनीपत की नेहा गोयल की टीम बनी चैंपियन ज्योति ने जीता प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट

सोनीपत: हरियाणा के सोनीपत की हॉकी खिलाड़ी नेहा गोयल की टीम ने हॉकी इंडिया लीग का खिताब अपने नाम किया है। नेहा की कप्तानी में ओडिशा वॉरियर्स की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। जिससे प्रदेश के साथ जिले में खुशी की लहर है।पहली बार हुई महिला हॉकी इंडिया लीग में हरियाणवी खिलाड़ियों का जलवा रहा। जिसमें सोनीपत के वेस्ट राम नगर निवासी नेहा गोयल के सिर चैंपियन का ताज सजा है। उनकी कप्तानी में ओडिशा वॉरियर्स की टीम ने विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। जिससे प्रदेश के साथ जिले में खुशी की लहर है। ओडिशा वॉरियर्स की टीम ने फाइनल मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब की टीम को 2-1 से हराया। लीग में सोनीपत के जवाहर नगर निवासी ज्योति ने प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया।महिला हॉकी लीग में प्रदेश की 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिनमें से करीब 11 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं, विजेता टीम में जिले की पांच सहित प्रदेश की सात

खिलाड़ी शामिल रही। वहीं सूरमा हॉकी क्लब में जिले की दो सहित प्रदेश की चार खिलाड़ी शामिल रही। विजेता टीम की कप्तान ओलंपियन नेहा गोयल ने कहा कि प्रतियोगिता का अनुभव काफी बेहतरीन रहा है। काफी कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सूरमा टीम के साथ पहले भी तीन लीग मुकाबले खेल चुके थे। जिससे उनकी कमजोरी व मजबूती को बखूबी जानती थी और उसी हिसाब से रणनीति बनाई। हमने अपने डिफेंस पर भरोसा रखा। उन्होंने कहा कि पहली बार हुई प्रतियोगिता में विजेता टीम की कप्तानी करना मेरे लिए खुशी व गर्व की बात रही। विजेता टीम में हिसार की सोनिका टांडी व अन्नू और सोनीपत की निशा वारसी, साक्षी राणा, कनिका सिवाच, नंदिनी शामिल रही। वहीं सूरमा हॉकी क्लब की टीम से खेलते हुए सोनीपत के जवाहर नगर निवासी ज्योति रुमावत ने भी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसकी बदौलत उनको प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब से सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी टीम में कप्तान सिरसा के गांव जोधका निवासी ओलंपियन सविता पूनिया, हिसार की शर्मिला देवी व सोनीपत की निधि शामिल रही।

विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का जिले में लौटने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। लीग में सोनीपत की 11 खिलाड़ी विभिन्न चार टीमों में खेल रही थी। मनीषा, इशिका व शिल्पी डबास दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल रही। महिमा चौधरी शरांची रार बंगाल टाइगर्स में शामिल रही। द्रोणाचार्य अवार्डी प्रीतम सिवाच ने बताया कि महिला हॉकी लीग में जिले की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया है। उनकी अकादमी की 11 खिलाड़ी लीग में शामिल हैं। साथ ही विजेता टीम में भी उनकी अकादमी की पांच व उपविजेता टीम में तीन खिलाड़ी शामिल रही।

नूंह सीआईए ने अपराधियों के मंसूबों पर फेरा पानी जमीनी विवाद में मैनेजर की हत्या की रची थी साजिश

नूंह : नूंह सीआईए की टीम ने अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए बड़ी साजिश का भंडाफोड़ किया है। दो दिन पहले अवैध हथियारों की खेप के साथ पकड़े गए दो युवकों से रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ के बाद तीन और बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों बदमाश जयपुर के हथियार तस्करों से नूंह में पिस्तौल और तमंचा खरीदकर बावल आईएमटी स्थित एक कंपनी मैनेजर की हत्या की योजना बना रहे थे। नूंह सीआईए टीम ने आरोपियों से एक लाख रुपये नकद और ब्रेजा कार बरामद की है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी एक कुख्यात आपराधिक गैंग से जुड़े हुए हैं, जो राजस्थान और हरियाणा में अपराधों के लिए कुख्यात है।नूंह सीआईए प्रभारी जंगशेर ने बताया कि बीते शनिवार को फिरोजपुर झिरका सीमा क्षेत्र में जयपुर के रहने वाले हथियार तस्कर आकिल और सलीम को सात पिस्टल, छह तमंचा और 13 मैगजीन सहित पकड़ा था। जिन्हें कोर्ट में पेश कर 6 दिन रिमांड पर लिया। जिनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि अवैध हथियारों को गांव बोरवाल व ठोठवाल जिला रेवाड़ी के रहने वाले रवि संदीप और वीर सिंह को नूंह में तय सौदे के मुताबिक सौंपेंगे। जिनसे एक पिस्तौल 25 हजार रुपए और तमंचा 12 हजार रुपए में खरीदने का सौदा तय हुआ था। योजना के मुताबिक रवि, संदीप और वीर सिंह एक कार में सवार होकर हथियार खरीदने के लिए नूंह में तावडू रोड पर पहुंचे। जिन्हें आकिल और सलीम की गिरफ्तारी का ज्ञान नहीं था। इस तरह से तीनों को पुलिस ने दबोच लिया।पुलिस के मुताबिक बावल आईएमटी में एक कंपनी मैनेजर से प्लॉट के संबंध में करोडों रुपये के लेन-देन का विवाद था। खरीदे जाने वाले अवैध हथियारों से तीनों ने कंपनी मैनेजर की हत्या की योजना बनाई थी। पकड़े गए आरोपियों में से संदीप पर पहले ही हत्या और झगड़े के तीन मुकदमे दर्ज हैं और आरोपी संदीप हत्या के एक मामलें में फिलहाल जमानत पर बाहर है।प्रभारी ने बताया कि फिलहाल अवैध हथियार मामले में पुलिस पांच आरोपियों को दबोच चुकी है। जो सभी रिमांड पर है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी कहां से हथियार खरीद कर लाए थे। जल्द ही ठिकानों का पता लगाकर उन पर दबिश दी जाएगी।

जहां खेले युवराज और कपिल देव वहां खेलती है अदिति सोनीपत की ऑलराउंडर क्रिकेटर को मंत्री बेदी ने नवाजा

सोनीपत: हरियाणा के सोनीपत की बेटी अदिति श्योराण उस क्रिकेट स्टेडियम में खेलती है जहां से युवराज सिंह और कपिल देव जैसे महान खिलाड़ी भारतीय टीम में खेल चुके हैं। आलराउंडर क्रिकेटर अदिति को हरियाणा के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सम्मानित किया है। हरियाणा के सोनीपत के गांव दुभेटा की बेटी अदिति श्योराण को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। अदिति चंडीगढ़ की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में शामिल है। आदिति ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से आयोजित वनडे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अदिति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बेटी को सम्मानित किए जाने से जिले के साथ गांव में भी खुशी की लहर है।अदिति बतौर ऑलराउंडर चंडीगढ़ की टीम की तरफ से खेलती है। वह टॉप ऑर्डर की बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाजी करती हैं। उनका अधिकतम बचपन गांव दुभेटा में ही बीता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल से हुई है। वह फिलहाल चंडीगढ़ के सेक्टर-9 स्थित कार्मल कान्वेंट स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा हैं।दादा रघबीर सिंह श्योराण ने बताया कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बेटी अदिति को सम्मानित किया है। यह परिवार व गांव के लिए गर्व की बात है कि बेटी इतनी कम आयु में प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। हमें उम्मीद है कि अदिति आने वाले समय में देश के लिए खेलेगी। अदिति को आगे बढ़ाने में दादी मूर्ति देवी और मां अनू श्योराण का खास योगदान रहा है। अनु श्योराण शिक्षा विभाग में चंडीगढ़ में प्राध्यापिका हैं। अदिति साल 2023 में अंडर-15 महिला आयु वर्ग में वनडे प्रतियोगिता खेल चुकी हैं। अदिति ने वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा दिखाई थी। अदिति श्योराण चंडीगढ़ के सेक्टर-16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट सीख रही हैं। यहीं से महान क्रिकेटर युवराज सिंह और कपिल देव निकले हैं। अदिति ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को सम्मान मिलना बेहद खुशी का पल होता है। जिससे खिलाड़ी का हौसला बढ़ता है और वह अपनी मेहनत को ओर ज्यादा कर देता है। अदिति का लक्ष्य महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर देश के लिए खेलना है।अदिति पहली ऐसी महिला क्रिकेटर है जिसे सेक्टर 16 क्रिकेट स्टेडियम में ट्रेनिंग के लिए एडमिशन दिया गया था। 12 साल की उम्र में अकादमी के लड़कों के साथ अकेली लड़की प्रैक्टिस करती थी। अदिति के कारण ही अब सेक्टर 16 के स्टेडियम में सभी लड़कियों के लिए दरवाजे खुल गए। पहले स्टेडियम में सिर्फ लड़कों की एंट्री थी। मामला चंडीगढ़ के एडवाइजर और पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक तक पहुंचा तब खेल विभाग को इसके लिए आर्डर जारी करने पड़े। हरियाणा सरकार ने इतनी कम उम्र में एक लड़की के जज्बे को देखते हुए गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया है। समान समझ में सम्मान पाने वाली अदिति एकमात्र खिलाड़ी थी।गांव के सरपंच विकास आर्य ने कहा कि पहली बार गांव की किसी बेटी को इतनी कम उम्र में हरियाणा सरकार की ओर से यह सम्मान दिया गया है। पूरे गांव के लिए यह गौरव की बात है। ग्राम पंचायत की ओर से अदिति को सम्मानित किया जाएगा और गांव के गौरवपट पर अदिति का नाम अंकित किया जाएगा। यह सम्मान गांव की दूसरी बेटियों को भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित सेक्टर 9 स्थित कार्मेल कान्वेंट स्कूल की छात्रा

और चंडीगढ क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) की तरफ से खेलने वाली अदिति ने जुलाई 2024 में आयोजित पहले महिला गली क्रिकेट टूनार्मेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से संयुक्त रूप से अपनी टीम को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई थी। अदिति ने सभी मैच में नाबाद रहते हुए चार बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी जीता। स्टेट लेवल पर अदिति गोल्ड सिल्वर और कांस्य पदक खेलों में जीत चुकी है।अदिति 29 जनवरी से 3 फरवरी तक उदयपुर राजस्थान में होने वाले 68 में नेशनल स्कूल गेम्स में चंडीगढ़ महिला क्रिकेट टीम के लिए चुनी गई है। अदिति चंडीगढ़ टीम का नेतृत्व करेंगी। इससे पहले चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के जोनल मुकाबले में भी अदिति टीम की कप्तानी कर चुकी है। हाल ही में बीसीसीआई की ओर से गुजरात के सूरत में आयोजित महिला वनडे टूनार्मेंट में अदिति का चयन चंडीगढ़ टीम से हुआ था। अदिति सबसे युवा बल्लेबाज के तौर पर टीम में चुनी गई थी। गली क्रिकेट टूनार्मेंट 14 से 18 साल की लड़कियों के लिए हुआ था अदिति ने सबसे अधिक रन और विकेट अपनी टीम की तरफ से लिए थे। टूनार्मेंट में ओवरऑल बेस्ट ऑलराउंडर थी। चंडीगढ़ सेक्टर 9 स्थितकार्मेल कान्वेंट स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर शैफाली ने भी अदिति के गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मान किया जाने पर बधाई दी है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिल्ली एनसीआर सहित 15 शहरों में समाचार गेट अब आपके शहर में

संपादकीय

लॉटरी पेश करते है राजनीतिक दल

इस समय दिल्ली में सेल चल रही है। वैसे अक्सर सेल में 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की छूट दी जाती है लेकिन दिल्ली में चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट है। यानि सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का आलम क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है। दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिये, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गयी। आम आदमी पार्टी ने सादगी और शुचिता की बात की थी लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख सुविधाओं को भोगते रहे। अब केजरीवाल की गारंटी शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ठोस कदम का वादा किया है।

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

मुस्तफाबाद विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा किया गया चुनावी प्रचार

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं ने किया चुनावी प्रचार

(अनिल मोहनियां नूंह)
सोमवार को दिल्ली चुनाव के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. असलम राष्ट्रीय प्रभारी, सूफी संवाद, कुंवर बासित अली प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तर प्रदेश, डॉ. स्वदेश सिंह पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा, युसुफ मालिक प्रदेश प्रभारी, सूफी संवाद, महमूद मलिक भाजपा मंडल मुस्तफाबाद अध्यक्ष आदि ने मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मोहन सिंह बिष्ट के समर्थन में प्रेरणादायक कार्यकर्ता बैठक कर तथा कई जगह डोर-टू-डोर चुनावी प्रचार कर वोट की अपील की। भाजपा नेताओं ने मुस्तफाबाद विधानसभा के अतंर्गत ब्रिजपुरी आयाम होटल से पुराने मुस्तफाबाद की गली नंबर पाँच व गली नंबर 6 में डोर टू डोर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट माँगे। इस अवसर पर सैंकडों प्रमुख लोगों ने आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा।

इस मौके पर कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। चुनावी प्रचार के दौरान मुख्य बिंदु पार्टी के दृष्टिकोण और नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प, मोहन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में मुस्तफाबाद विधान सभा के विकास का रोडमैप, भाजपा कार्यकताओं द्वारा एकजुट होकर आगामी चुनाव में ऐतिहासिक जीत का आह्वान किया गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि आप लोगों का सहयोग हमारी ताकत है।

आइए, हम सब मिलकर मुस्तफाबाद में भाजपा को मजबूत बनाएं और क्षेत्र के विकास के सपने को साकार करें। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय में आप-दा सरकार ने दिल्ली को खोखला कर दिया है। दिल्ली की भोली भाली जनता को लूटने का काम किया है। दिल्ली के लोगों को आप-दा सरकार ने गंदगी के अलावा कुछ भी नहीं दिया है।अब समय आ गया है इस आप-दा को दिल्ली से बाहर का रास्ता दिखाने का। जाकिर हुसैन ने कहा कि दिल्ली के संपूर्ण विकास के लिए भाजपा की डबल ईंजन की सरकार बनाने में अपना सहयोग देने का काम करें।

डॉ असलम खान व उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि दिल्ली पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी की सरकार में विकास के मामले में पिछड़ गई है। केजरीवाल व उनकी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली को पूरी तरह से लूटकर खोखला कर दिया है। दिल्ली के संपूर्ण विकास के लिए भाजपा की सरकार बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें।

बागोत के मोहित सुसाइड केस में नहीं लिया जा सका फैसला

-वादी एवं प्रतिवादी पक्ष को हाईकार्ट के निर्देश का पल-पल हो रहा इंतजार

कनीना सुनील दीक्षित
कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी मोहित सुसाइड केस में वादी एंव प्रतिवादी पक्ष को हाईकोर्ट के आदेश का पल-पल इंतजार है। उनकी ओर से कोर्ट के आदेश के मुताबिक अगली कार्रवाई अमल में लायी जानी है। मृतक के पिता कैलाशचंद ने इस बारे में एक पखवाडे पूर्व पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में अर्जी डाली गई थी। जिस पर 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तीन दिन में मृतक का दाह संस्कार करने के आदेश दिए थे जिसकी समय सीमा रविवार 19 जनवरी को समाप्त हो गई। इसी दौरान 15 जनवरी को कनीना विकास खंड के गांव पडतल के सरपंच रोशनलाल इंदोरा ने वकील के माध्यम से जनहित एवं मानव अधिकारों के दृष्टिगत एक दरखास्त एचएचआरसी, हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ में दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि पिछले माहभर से बागोत निवासी मोहित का शव कनीना अस्पताल के मोर्चरी में रखा हुआ है जिसमें संक्रमण पनप रहा है ओर बिमारी पनपने का अंदेशा है। इस शव का निश्चित समय पर ससम्मान अंतिम संस्कार करवाया जाए। एचएचआरसी की ओर से 20 जनवरी को नोटिस जारी कर प्रशासनिक अधिकारियों को तलब किया गया था। जिसमें एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत व डीएसपी दिनेश कुमार उपस्थित हुए ओर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देकर जवाबदावा दाखिल किया था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी ओर से आगामी 3 फरवरी को पुनः सुनवाई निश्चित की गई है।

ईधर 20 जनवरी को एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत एवं डीएसपी दिनेश कुमार इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में जवाबी एप्लीकेशन दाखिल की गई थी। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। अब दोनों पक्ष हाईकोर्ट के आदेश आने की आस लगाए बैठे हैं। कोर्ट के आदेश के मुताबिक आगामी कार्रवाई होने की संभावना है। मृतक युवक के पिता कैलाशचंद द्वारा पिछले सप्ताह पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ में अर्जी दाखिल कर आरोप एवं हालात बताए थे। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। लेकिन कैलाशचंद एफआईआर करने की एकसूत्री मांग पर अडा हुआ है।

हरियाणा बसपा के प्रदेश अध्यक्ष बनें कृष्ण जमालपुर

अब प्रदेश में बसपा को मिलेगी मजबूती - रामकिशन गुरेरा

सिवानी। सोनिका सूरा
बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता कृष्ण जमालपुर को हरियाणा प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर हल्का लोहारू के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी`इस मौके पर लड्डू खिलाकर खुशी मनाई गई इस मौके पर जिला प्रभारी रामकिशन गुरेरा ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का व बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद जी का बहुत - बहुत आभार व्यक्त किया, इस मौके पर राजपाल अंबेडकर ने कहा की कृष्ण जमालपुर जी छात्र जीवन से ही बहुजन आंदोलन में लगे हुए है, 28वर्षों से पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी को मजबूत करने में लगे रहे है, हल्का अध्यक्ष सोमबीर कालोद ने कहा की जमालपुर अच्छे व बुरे दौर में पार्टी में अडिंग रह कर पार्टी मुमेंट को निरंतर आगे बढ़ाने में लगे हुए है, श्री जमालपुर के प्रदेश अध्यक्ष लगने से हरियाणा प्रदेश की दशा और दिशा बदलेंगी, सिवानी के तमाम कार्यकताओं ने कृष्ण जमालपुर को शुभकामनाएं दी व सिवानी बसपा पार्टी कार्यालय मे खुशियां मनाई। इस मौके पर हल्का प्रधान सोमबीर कालोद, जिला सचिव सतबीर नायक जी, अधिवक्ता राजपाल अम्बेडकर ,अजय कायत, प्रदीप पुनियां, सुशील गुड्डा ,बलबीर बडगूजर , सुनील पेंटर सिवानी, राममेहर टेलर, संदीप नागर, सत्तू सिवानी, राजेश ग्रोवर, रामफल सिवानी, मनोज कुमार आदि सदस्यों ने खुशी जताई।।

विधायक आफताब ने ली लोक निर्माण विभाग, नगर निगम अधिकारीयों की बैठक

विधायक के जन्मदिन पर मेडिकल कैंप का आयोजन

(अनिल मोहनियां नूंह)
सोमवार को नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने पुराने रेस्ट हाउस पर लोक निर्माण विभाग व नगर निगम नूंह के अधिकारीयों की बैठक ली। विधायक ने नूंह शहर के प्रस्तावित व चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान विधायक आफताब अहमद खुद अधिकारियों के साथ कई चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। शहरवासियों की बरसों पुरानी मांग मेवात माडल स्कूल नूँह से लेकर शहीदी पार्क नूंह शहर के अंदर से जाने वाली सड़क का निरीक्षण करने विधायक आफताब अहमद अधिकारियों के साथ पहुंचे।

बता दें विधायक इसके लिए काफी समय से प्रयासरत थे। विधायक आफताब अहमद ने दोनों विभागों के अधिकारियों को कहा कि जनहित के कार्य प्राथमिकता पर किए जाएं, किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि जन कल्याण कार्य तेज गति से किए जाएंगे और प्राथमिकता पर पूरे करेंगे।

विधायक के जन्मदिन पर मेडिकल कैंप का आयोजनः
नूंह विधायक आफताब अहमद के 59 वें जन्मदिन पर एक निशुल्क मैडिकल कैंप की वी इलैक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल फाऊंडेशन गुरुग्राम और चिल्ड्रेन हास्पिटल पिनंगवा द्वारा आयोजन हुआ। मैडिकल कैंप में सैंकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां बांटी गई। कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने डाक्टर कुतबूद्दीन सहित पूरी डाक्टरों की टीम का धन्यवाद किया। इस दौरान सैंकडों लोगों की भीड विधायक आफताब अहमद को मुबारकबाद पेश करने पहुंची। विधायक ने अपने चाहने वालों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुलकर समाज कल्याण और सुधार का काम करें।

लोहारू विधानसभा के गांव गढ़वा में विधायक राजबीर फरटिया ने किया धन्यवादी दौरा

सिवानी। सोनिका सूरा
लोहारूः विधानसभा क्षेत्र के गांव गढ़वा में आयोजित धन्यवादी दौरे में विधायक राजबीर फरटिया का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं और जयकारों के बीच हुए इस स्वागत से गांव के लोगों का जोश देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विधायक फरटिया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनावों में अपार विश्वास और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "यह जीत मेरी अकेले की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की जीत है। मैं आपके विश्वास पर

खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।" क्षेत्रीय खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और खेल सामग्री की पूर्ति के लिए सरकारी बजट से ड्ड1 लाख देने की घोषणा की।

आज हम संविधान में दिए गए जिन अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वो बाबा साहेब डा. अंबेडकर की देन : विधायक घनश्याम सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चौधरी देवीलाल स्टेडियम में ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

सिवानी। सोनिका सूरा
लोहारू। स्थानीय चौधरी देवी लाल खेल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।इससे पहले विधायक व एसडीएम ने शहीदों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समारोह में विधायक घनश्याम सर्राफ व एसडीएम मनोज दलाल ने क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न संस्थाओं और अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ ने 76वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि अमर एवं वीर शहीदों के बलिदानों से ही हमें गणतंत्र दिवस मनाने का यह गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। संविधान के कारण

हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र व गणराज्य देश कहलाता है। उन्होंने कहा कि आज हम संविधान में दिए गए जिन अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वो सभी बाबा साहेब डा. अंबेडकर जी की ही देन है। वोट देने का जो अधिकार आज देश में किसी अमीर को है, वही अधिकार एक गरीब व्यक्ति को भी है। हमारे संविधान में समाज के कमजोर वर्गों, पिछड़े लोगों और अनुसूचित जाति के लोगों के उत्थान के लिए जो व्यवस्थाएं की हैं वह भी बाबा साहेब की देन है। उन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करते समय ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां सभी लोग खुश हों। सभी को इंसाफ मिले और सभी को बराबर के हक मिलें। उन्होंने कहा कि पवित्र संविधान के प्रति सरकार की सच्ची आस्था व निष्ठा को दशार्ता है। यह युवा पीढ़ी को संविधान की मूल भावना से अवगत करवाने की एक अनूठी पहल है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के बाद पहली बार व्यापक स्तर पर की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़िड्डां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सके। आजादी की लड़ाई में हरियाणा प्रदेश का भी अहम योगदान रहा है। आज भी हरियाणा के नौजवान सेना में भर्ती होना अपनी शान समझते हैं और यहीं कारण की देश की सशस्त्र सेनाओं में हर दसवां सिपाही हरियाणा से है।

सुशासन से सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालने वाली सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ह्यसबका साथ-सबका विकासह्ल और ह्यहरियाणा एक-हरियाणवी एकह्ल के मूलमंत्र पर चलते पूरे हरियाणा और हरेक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए काम किया है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सरकार ने पारदर्शी शासन दिया है। इसी के अनुरूप हम प्रदेश में आपसी प्यार, प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की बयार बहाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के दर्शन के अनुरूप प्रदेश के सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया, जिससे पात्र परिवारों की पहचान कर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया गया। आज हर सरकारी योजना को पारदर्शी तरीके से लागू किए जाने से घर बैठे ही गरीब परिवारों को बेटी की शादी का शगुन, बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगों की पेंशन, बी.पी.एल. कार्ड, चिरायु कार्ड का लाभ कम्प्यूटर की एक क्लिक से सीधे पात्र के खाते में जाता है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने गरीबों का जीवन-स्तर ऊपर उठाने के लिए गरीबों को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किए हैं। गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध करवाने के लिए ह्यप्रधानमंत्री आवास योजनाह्ल के तहत हजारों मकान बनाए गए हैं। गरीब परिवारों को फ्री परिवहन सुविधांए देने के लिए हैपी कार्ड वितरित किए जा रहे है। हर गरीब को राशन मिले, इसके लिए राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया है। सरकार ने कृषि, उद्योग, व्यापार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि हर क्षेत्र में भी ई-गवर्नेंस के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसमें किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय लिया गया है। जिस प्रकार, परिवार पहचान पत्र के डेटा से विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही मिल रहा है, उसी प्रकार, कृषि क्षेत्र में ह्लमेरी फसल-मेरा ब्यौराह्ल पोर्टल बनाकर किसान को लाभ देने वाली अनेक योजनाओं को जोड़ दिया गया है। फसल बिक्री की राशि, खराबे का मुआवजा, भावांतर भरपाई की राशि, मेरा पानी-मेरी विरासत, धान की सीधे ही बिजाई की प्रोत्साहन राशि आदि इस पोर्टल के माध्यम से सीधे ही किसान के खाते में जमा की जाती है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां बागवानी फसलों को मौसम की मार से बचाने के लिए ह्यमुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजनाह्य शुरू की गई है। लोगों के लिए सरकार ने खेल, शिक्षा ,स्वास्थ्य, कृषि,सुरक्षा, बिजली, स्वावलंबन एवं आधारभूत संरचना सहित अन्य क्षेत्रों के उन्नयन के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं ताकि प्रदेश को समृद्ध एवं खुशहाल बनाया जा सके। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने स्वतंत्रता सेनानियों, उनके आश्रितों, विधवाओं आदि को शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को प्रदर्शित करते हुए झांकिया भी निकाली गई। विधायक घनश्याम सर्राफ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपने कोष से 50 हजार रुपये की धनराशि देने की भी घोषणा की। इस मौके पर विधायक व एसडीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडिड्डों तथा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लोहारू के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

एसडीएम शिखा ने किया आंगनवाडी सेंटर कम कैच का उदघाटन

फरीदबादः हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गयी घोषणा के अनुसार कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित 500 नए क्रेच खोलने की घोषणा की गई है। यह घोषणा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए की गई है। यह जानकारी देते हुए जिला कार्यकम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि सरकार क्रैच केंद्र के विस्तारीकरण तथा गुणवत्ता के प्रति बहुत सजग है तथा इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा 27 जनवरी को 324 क्रैच का उद्घाटन करने का निर्णय लिया है, जो माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी द्वारा वीडियो लिंक के माध्यम से किया गया। जिसमें फरीदाबाद से 8 आगंवाडी कम क्रेचों को शामिल किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वीडियो लिंक द्वारा फरीदाबाद जिले में आज आंगनवाड़ी वर्कर बबीता, संजय कलोनी-2, एनआईटी-1 फरीदाबाद के आंगनवाडी सेंटर कम कैच का उद्घाटन एसडीएम फरीदबाद शिखा के करकमलों से करवाया। जिसमें जिला कार्यकम अधिकारी फरीदाबाद मीनाक्षी चौधरी द्वारा बताया गया कि आंगनवाडी-कम कैच सेंटर उन कामकाजी महिलाओं के लिए खोले गये है जो 9:00 से 5:00 बजे तक अपने बच्चों को इन सेंटरों पर छोड़कर काम पर जा सके। जिनके घरों में बच्चों की देखरेख के लिए कोई नही है। इस दौरान सीडीपीओ सुनीता दहिया, एनआ-

ईटी-1 फरीदाबाद, सीडीपीओ सशीला सिंह बल्लभगढ़ शहरी सीडीपीओ मोनिका चोपड़ा फरीदाबाद शहरी, प्रथम से शगुन व एरिये की सुपरवाईजर मौजूद रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा ने मोबाइल क्रेच संगठन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण क्रेच स्थापित किए जा सकें। मोबाइल क्रैच संस्था के प्रतिनिधि आदित्य सिंह (थीमेटिक लीड) हरियाणा राज्य में क्रैच कार्यक्रम कियान्वयन में विभाग का पूरा सहयोग कर रहे है। सभी कार्यकताओं का प्रशिक्षण चाइल्डफ्रेंडली बच्चों को वातावरण मिले साथ ही बच्चों के मुख्य विकास के सभी पहलुओं पर कैसे बेहतर तरीके से कार्य करना है इसमें मोबाइल क्रैच विभाग का पूरा सहयोग कर रहा हैं। हरियाणा राज्य ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत का पहला राज्य बनने का गौरव हासिल किया है जिसने क्रेच नीति शुरू की है। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा ने 21 जुलाई 2023 को हरियाणा राज्य क्रेच नीति 2022 शुरू करने के लिए एक अधिसूचना जारी की है।

विक्की मिड्ढूखेड़ा हत्याकांड से जुड़ी बड़ी खबर कोर्ट ने सुनाया फैसला

मोहाली : पंजाब के युवा अकाली नेता विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की मिड्ढूखेड़ा की हत्या मामले में अदालत का फैसला आ गया है। मोहाली कोर्ट ने तीन शूटरों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 2 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने शुक्रवार को तीनों हमलावरों को दोषी ठहराया। आरोपियों में अजय उर्फ सन्नी उर्फ लेफ्टी, सज्जन उर्फ भोलू और अनिल लाठ शामिल हैं। तीनों एक गैंगस्टर और शार्प शूटर के सहयोगी हैं।विक्की मिड्ढूखेड़ा की हत्या 4 साल पहले 7 अगस्त 2021 को उस समय कर दी गई थी, जब वह सेक्टर 70 में अपने प्रॉपर्टी डीलर दोस्त के पास गया था। जैसे ही वह कार्यालय से बाहर निकला और अपनी कार की ओर बढ़ा, दो नकाबपोश व्यक्ति उसके पास आये। जिन्होंने उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। विक्की कार से बाहर निकला और भागने की पूरी कोशिश की। वह लगभग एक किलोमीटर तक दौड़ा।लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा करना जारी रखा। उन्होंने कुल 20 गोलियां चलाईं, जिनमें से 9 विक्की को लगीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के अगले दिन, बंबीहा गिरोह ने घटना की जिम्मेदारी ली। शुरूआती जांच में बंबीहा गिरोह चलाने वाले लक्की पटियाल का नाम प्रकाश में आया था। दोनों गिरोह एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी हैं।

कांग्रेस को बड़ा झटका तीन बार की पार्षद गुरबख्श रावत बीजेपी में शामिल

पंजाबःमेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। तीन बार की कांग्रेस पार्षद गुरबख्श रावत अपने पति के साथ भाजपा में शामिल हो गई है। जिससे भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। भाजपा के अब कल पार्षदों की संख्या 16 हो गई है, जबकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 20 है।ऐसी सूचना है कि मेयर उम्मीदवार की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी के कई पार्षद नाराज है, जिसकी नाराजगी का भाजपा फायदा लेना चाहती है। आम आदमी पार्टी के एक पार्षद कि भाजपा में शामिल होने की बात भी चल रही है। गुरबख्श रावत के भाजपा में शामिल होने से अब कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 6 रह गई है। पिछले मेयर चुनाव में गुरबख्श रावत की तस्वीर आम आदमी पार्टी में शामिल होने की भी वायरल हुई

थी।नगर निगम के कुल 35 पार्षद है। सांसद मनीष तिवारी भी मेयर चुनाव के लिए मतदान करेंगे। पार्टी में शामिल होने के बाद गुरबख्श रावत ने कहा कि वह भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर शामिल हुई है।मालूम हो कि इस समय भाजपा के मेयर पद का उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला है जो कि कांग्रेस की टिकट पर ही चुनाव जीती थी और चुनाव जीतने के बाद वह भाजपा में शामिल हो गई थी ऐसे में रावत और बबला दोनों ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए हैं।नगर निगम चुनाव के बाद कांग्रेस के तीन पार्षद अपनी पार्टी को अलविदा कह कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। जबकि आम आदमी पार्टी का एक पार्षद बीजेपी में शामिल हुआ है।दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मेयर चुनाव पर नजर हर राजनीतिक दल पर है। 30 जनवरी को मेयर सहित सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के लिए चुनाव होना है। आज नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख थी किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया है।सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा, जो पूरी चुनाव प्रक्रिया के समय वहां शारीरिक रूप से मौजूद रहेगा।

इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए और सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं।जहां तक कार्यकाल के मुद्दे का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। इस फैसले के बाद चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

जालंधर में 14 साल की नाबालिगा को किया गर्भवती

जालंधरः देश भर में बलात्कार की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। ताजा मामला पंजाब के जिला जालंधर का सामने आया है, जहां 12 साल के नाबालिग लड़के ने 14 साल की नाबालिगा से शारीरिक संबंध बनाकर उसे गर्भवती कर दिया। पुलिस ने इस मामले में नाबालिग के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसके 5 बच्चे है, जो मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाती है। कुछ देर पहले पति की मौत के बाद वह खुद गांव मुआवजा राशि लेने गई थी। इसी बीच उसकी 14 साल की बेटी घर में अकेली थी, जहां भोगपुर का रहने वाला एक किसान का नाबालिग बेटा आया और उसने बेटे के साथ संबंध बनाए। आरोपी ने बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी और फरार हो गया, जिसके चलने उसने परिवार को कुछ नहीं बताया। जनवरी 2025 में मैं अपनी बेटी के साथ बिहार गई तो वहां मेरी बेटी ने पेट दर्द की शिकायत की। मैं उसे लेकर हस्पताल में लेकर गई तो जाँच उपरांत पता चला कि मेरी बेटी 7 महीने की गर्भवती है। डॉक्टर ने लड़की के गर्भवती होने की रिपोर्ट भी दी। इसके बाद पीड़िता की मां ने भोगपुर पुलिस को शिकायत दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजाब में चाइना डोर के खिलाफ सख्त एक्शन 3 आरोपी गिरफ्तार

फिरोजपुरः पंजाब भर में सरकार की ओर से चाइना डोर स्टोर करने, बेचने और चाइना डोर की इस्तेमाल करने पर मुकम्मल तौर पर पाबंदी लगाई हुई है क्योंकि यह डोर मनुष्यों के साथ-साथ पशु, पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है और जिला फिरोजपुर में एस.एस.पी. सौम्या मिश्रा के दिशा निदेर्शों अनुसार पुलिस द्वारा इस डोर की बिक्री करने वालों के खिलाफ विशेष रूप में अभियान चलाया गया है और चेकिंग की जा रही है ।यह जानकारी देते हुए डी.एस.पी. सिटी फिरोजपुर सुखविंदर सिंह ने बताया कि थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने एसएचओ इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह चमेली और एएसआई सुखदेव राज के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए फिरोजपुर शहर में से 105 चाइनीस डोर के गट्ठू बरामद किए हैं और 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि गुरजीत सिंह, जसवीर सिंह और कुलदीप सिंह नाम के व्यक्ति बाहर से चाइनीस डोर के गट्ठू लाकर फिरोजपुर में बेचने का धंधा करते हैं और इस समय दाना मंडी फिरोजपुर गेट शहर के गेट नंबर 1 के अंदर खड़े डोर बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं तो पुलिस द्वारा तुरंत बताई गई जगह पर छापामारी करते हुए नामजद तीनों आरोपियों को काबू करके उनसे चाइनीस डोर के 105 गट्ठू बरामद किए गए, जिनके खिलाफ थाना सिटी फिरोजपुर में बीएनएस, दी वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट 1972 और एनवायरमेंट प्रोटक्शन एक्ट 1986 के तहत मामला दर्ज किया गया है ।

मोगा का है आरोपी मां बोली दुबई से चार माह पहले आया था

अमृतसरःअमृतसर में 26 जनवरी को बाबा साहिब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा से तोड़फोड़ का आरोपी आकाश सिंह मोगा के धर्मकोट का है। आकाश सिंह का परिवार धर्मकोट की चुगा बस्ती में किराए पर रहता है।मामले की जानकारी मिलने पर आकाश की मां आशा रानी ने कहा कि बेटे का उनसे कोई रिश्ता नहीं है। आकाश सिंह तीन भाई और एक बहन है। बारहवीं तक पढ़ाई के बाद आकाश सिंह काम की तलाश में दुबई चला गया था। आकाश सिंह की बहन मस्कट में रहती है। मोगा में उसके माता पिता और दो छोटे भाई हैं। माता पिता मजदूरी करते हैं। आकाश का एक भाई पढ़ाई कर रहा है और दूसरा मजदूरी करता है।परिवार के अनुसार, आकाश ने दुबई जाने के बाद घर के साथ कोई संपर्क नहीं रखा। वह चार महीने पहले दुबई से भारत आ गया था। लेकिन अमृतसर में किराए के मकान में रहने लगा था। वह घर नहीं आया था। आशा रानी ने बताया कि आकाश तीन साल पहले दुबई गया था। वहां दो साल तक मजदूरी करता था। चार महीने पहले वापिस आया लेकिन अमृतसर में ही किराए के मकान में रहने लगा। मां के मुताबिक उनके बेटे से अब उनका कोई भी रिश्ता नहीं है। उसने कभी उनसे बात नहीं की। मां ने कहा कि पहले उसने केश भी नहीं रखे थे। आकाश की मां ने साफ कहा कि उसने जो किया, उसे उसकी सजा मिलनी चाहिए।

फगवाड़ा में मेयर चुनाव से पहले बीजेपी को झटका इस पार्षद ने थामा आप का दामन

पंजाबःनगर निगम फगवाड़ा के मेयर पद, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर पद हासिल करने को लेकर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच चल रही सियासी खींचतान के मध्य भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश के करीबी वार्ड नंबर 48 से भाजपा पार्षद परमजीत सिंह खुराना ने आम आदमी पार्टी का झाड़ू थाम लिया है।परमजीत सिंह खुराना को लोकसभा हलका होशियारपुर से आप पार्टी के सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल,जालंधर से विधायक रमन अरोड़ा व आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रवक्ता हरजी मान ने आम आदमी पार्टी में शामिल कर उनका स्वागत किया।इस दौरान वरिष्ठ आप नेता दलजीत सिंह राजू, पार्षद विक्की सूद, आप नेता जसपाल सिंह, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश बिट्टू व बाबी बेदी विशेष तौर पर मौजूद रहे।सांसद डॉ.

राजकुमार चब्बेवाल ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की लोकहित को समर्पित नीतियों व कार्यशैली से प्रभावित होकर अलग-अलग पार्टियों के नेता आप का दामन थाम रहे हैं। इसी के तहत भाजपा पार्षद परमजीत सिंह खुराना ने आप पार्टी का दामन थामा है।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और भी कई नेता व पार्षद आप में शामिल होने जा रहे हैं। वहीं आप पार्टी का दामन थामने वाले पार्षद परमजीत सिंह खुराना ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की जनहित को समर्पित बेहतरीन कार्यशैली से प्रभावित होकर आप में शामिल हुए हैं।नगर निगम फगवाड़ा के मेयर पद हासिल करने को लेकर जोड़ तोड़ कर विपक्षी पार्टियों के पार्षदों में सेंधमारी करने को जुटी आम आदमी पार्टी को बड़ी कामयाबी मिली है।भाजपा पार्षद परमजीत सिंह खुराना के आप में शामिल होने के बाद आप पार्टी में पार्षदों की संख्या 15 हो गई है जबकि भाजपा के पास अब मात्र तीन पार्षद रह गए हैं।हालांकि मेयर पद हासिल करने के लिए आप पार्टी को अभी भी 11 पार्षदों की और जरूरत है। हालांकि सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल दावा कर रहे हैं कि आप पार्टी को अंदरखाते और भी कई पार्षदों का समर्थन हासिल है। वहीं जल्द ही कई और पार्षद आप में शामिल होंगेरविवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए भाजपा पार्षद परमजीत सिंह खुराना को पूर्व केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश का करीबी माना जाता है।

बताया जाता है कि वार्ड नंबर 48 से पार्षद परमजीत सिंह खुराना को भाजपा की टिकट दिलवाने में भी पूर्व केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश का अहम रोल था।चर्चा है कि भाजपा पार्षद परमजीत सिंह खुराना डिप्टी मेयर पद हासिल करने की शर्त पर आप में शामिल हुए हैं, हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

गुरुनगरी को मिला नया मेयर आप ने तीनों पदों पर किया कब्जा

पंजाबः36 दिन पहले हुए चुनाव में 40 सीट लेकर कांग्रेस पहले नंबर पर रही थी। पार्टी ने एक आजाद पार्षद को भी अपने साथ जोड़ लिया था। वहीं आम आदमी पार्टी ने आजाद पार्षदों के अलावा भाजपा के दो पार्षदों को अपने साथ लाकर 40 का आंकड़ा छू लिया था। ऐसे में अब आप ने तीनों पदों पर कब्जा कर लिया है।अमृतसर नगर निगम में आम आदमी पारिटी (आप) का कब्जा हो गया है। आप ने मेयर सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के तीनों पदों कब्जा किया है। 36 दिन पहले हुए चुनाव में 40 सीट लेकर कांग्रेस पहले नंबर पर रही थी। पार्टी ने एक आजाद पार्षद को भी अपने साथ जोड़ लिया है। वहीं आम आदमी पार्टी ने आजाद पार्षदों के अलावा भाजपा के दो पार्षदों को अपने साथ लाकर 40 का आंकड़ा छू लिया। वहीं भाजपा ने किसी का समर्थन न करते हुए विपक्ष में बैठने का फैसला लिया है। अमृतसर भाजपा के जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह संधू ने आरोप लगाया कि मेयर के चयन के लिए सत्तापक्ष द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। भाजपा के नौ पार्षद जीतकर आए थे और आप के पास सिर्फ 24 पार्षद थे। संख्या बढ़ाने के लिए जो घटिया बातें इन्होंने की, वह बाबा जी के संविधान की धज्जियां उड़ाने के समान है।संधू ने कहा कि पार्षदों की खरीद फरोख्त और पुलिस की मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। हमारे सभी पार्षदों को धमकियां दी गई। हर तरह का लालच देने का प्रयास किया गया। लोगों का फतवा नहीं मिला तो बीजेपी ने तय किया कि वह विपक्ष की भूमिका निभाएगी। शहर की उन्नति व तरक्की के लिए काम करेंगे। संधू ने कहा कि हमारे दो पार्षदों को डरा धमकाकर इन्होंने आप में शामिल कर लिया। अब एक और पार्षद विकास गिल को एक महीने से डरा रहे हैं। उससे कहा था कि ऐसे केस में फंसाएंगे कि जमानत भी नहीं मिलेगी, पर उसने उनकी बात नहीं मानी। उसे फंसाने की कोशिश की जा रही है। सीएम हाउस से भी कुछ बंदे यहां बैठे हैं जो मेयर की कुर्सी हथियाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपना रहे हैं। लेकिन भाजपा हाउस में विपक्ष की भूमिका निभाएगी और किसी भी पार्टी को न तो बाहर से ओर न किसी अन्य तरीके से सपोर्ट किया जाएगा।वहीं कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल का दावा है कि अमृतसर को मेयर आप सरकार ही देगी। डिवीजनल कमिश्नर जालंधर रेंज की ओर से हाउस गठन और शपथ ग्रहण समारोह की तिथि 27 जनवरी तय की गई है। आप और कांग्रेस के पास अब भाजपा के बचे 7 और शिअद के 4 पार्षदों का ही सहारा है। भाजपा-शिअद के 11 पार्षद जिस पार्टी को समर्थन देंगे, उसी का मेयर बनेगा।

7 से 23 फरवरी होगा सूरजकुंड में शिल्पकारों का महाकुंभ : पर्यटन मंत्री डा. अरविन्द शर्मा

महाकुंभ की तर्ज पर इस बार फिर से विश्व स्तरीय शिल्प महाकुंभ का होगा आयोजन

समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार में विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि 38 वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला आगामी 7 से 23 फरवरी तक फरीदाबाद में और अधिक आकर्षक रूप से मनाया जाएगा। इस वर्ष यह मेला महाकुंभ की तर्ज पर शिल्प महाकुंभ के रूप में मनेगा, जिसमें विश्व भर के शिल्पकार अपनी रचनात्मक कार्य शैली का प्रदर्शन मेले में करेंगे। अंतरराष्ट्रीय मेले की तैयारियों को लेकर पर्यटन मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने सोमवार को सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल के सभागार में हरियाणा पर्यटन निगम व जिला के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मेले की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर खाद्य एवं पूर्ति मंत्री राजेश नागर भी साथ रहे। उन्होंने सूरजकुंड मेला परिसर का दौरा कर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने मंत्रीगण का स्वागत किया। हरियाणा सरकार में पर्यटन मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा की धरा अपनी

सांस्कृतिक व ऐतिहासिक विरासत को सहेजे है। हरियाणवी संस्कृति की पहचान दुनिया में कायम करवाने के साथ ही शिल्पकारों के लिए एक उचित सम्मानजनक मंच देने की शरूआत 1987 से सूरजकुंड में शिल्प मेले के रूप में शुरू हुई, जोकि आज विश्व स्तर पर अपनी अटूट मिसाल कायम कर रहा है। उन्होंने गौरवान्वित होते हुए कहा कि सूरजकुंड की धरा पर लगने वाला यह मेला विश्व का सबसे बड़ा शिल्प मेला है। इस बार यह मेला महाकुंभ की तर्ज पर शिल्प महाकुंभ के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय एकता और देश की संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं सूरजकुंड मेले की तैयारियों पर नजर रख रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा निरंतर इस मेले को भव्य रूप देने के लिए कार्य किया जा रहा है। डा. अरविंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरजकुंड मेले को डिजिटल रूप दिया गया है। पहली बार स्टॉल की बुकिंग ऑनलाइन की गई हैं। पूरी पारदर्शिता बनाए रखते हुए सूरजकुंड का यह शिल्प मेला डिजिटल प्लेटफार्म के साथ पर्यटन के क्षेत्र में आमजन के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। मेले से जुड़े हर पहलू की जानकारी सूरजकुंड मेला डॉट कॉम डॉट इन पर उपलब्ध रहेगी। डा.शर्मा ने बताया कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले के आयोजन की जिम्मेवारी प्रभावी रूप से निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में उड़ीसा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट हैं और बिम्सटेक-बांग्लादेश, भूटान, इंडिया,म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड राष्ट्र भागीदार हैं और नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन मेले का कल्चरल पार्टनर है, साथ ही दिल्ली मेट्रो टिकटिंग पार्टनर रहेगा। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में आयोजित हो रहा यह सूरजकुंड मेला आज पूरे विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर चुका है, ऐसे में हमें पूरी जिम्मेवारी के साथ मेले के सफल आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समयावधि में अपने विभाग से संबंधित सभी व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने मेला परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और मेले तक आने-जाने के लिए परिवहन की पूर्ण व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को मेला उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गयाः

हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने बताया कि विश्व स्तरीय शिल्पकार मेले के शुभारम्भ के लिए भारत सरकार में पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को आमंत्रित किया गया है, वहीं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी उद्घाटन समारोह में विशिष्ट तौर पर रहेंगे। समापन समारोह के लिए केंद्रीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर को मुख्यातिथि के लिए आमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने बताया कि 7 से 23 फरवरी तक चलने वाले मेले में देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों सहित विदेशी मंत्रालय से भी विशिष्ट जनों का आगमन रहेगा और रोजाना लाखों पर्यटक शिल्पकारों की प्रतिभा को देखने के लिए सूरजकुंड पहुंचेंगे।

यह रहे मौजूद :

इस अवसर पर डीसी विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी सुनील कुमार, डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, डीसीपी जसलीन कौर, डीसीपी कुलदीप सिंह, एसडीएम अमित मान, मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, पर्यटन निगम की ओर से मेला प्रबंधक यू.एस.भारद्वाज व एजीएम हरविंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।